पाठ-14

# मैं सबसे छोटी होऊँ

- सुमित्रानंदन पंत




मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ!



बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!

अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!



ऐसी बड़ी न होऊँ मैं,
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे अंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ - दिखा दे चंद्रोदय!

## अभ्यास-माला

**1. आओ, 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता का हाव-भाव के साथ वाचन करें।**

**2. आओ, बताएँ :**

(क) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के जरिए किस इच्छा की बात की गई है?

(ख) बच्ची किसका अंचल पकड़कर घूमना चाहती है?

(ग) माँ हमारे लिए क्या-क्या करती हैं?



**3. पूर्ण वाक्य में जवाब दो :**

(क) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के कवि का नाम क्या है?

(ख) बड़े होने पर माँ हमारे लिए क्या-क्या नहीं करतीं?

(ग) बच्ची क्यों सबसे छोटी बनकर रहना चाहती है?

(घ) बच्ची को क्यों अनुभव होता है कि माँ उसके साथ छल करती हैं?

**4. 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता में वर्णित बातों को अपने शब्दों में बताओ।**

**5. खाली जगहों की पूर्ति करो :**

'मैं................. छोटी होऊँ

तेरी ................ में सोऊँ,

तेरा अंचल ......................

फिरूँ................! तेरे साथ,

कभी न छोड़ूँ........!



**6. आओ, सही शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा करें :**

(क) मैं सबसे .............. होऊँ। (छोटी/छोटा)

(ख) नदी .............. है। (बहता/बहती)

(ग) .............. आराम नहीं चाहता। (में/मैं)

(घ) यह ............ देश है। (हमारा/हमारे)

**7. आओ, एक शब्द में बताएँ :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जो कविता लिखती है = | कवयित्री | जो सजाया हुआ हो = | |
| जिसे स्पृहा न हो = | | जिसे भय न हो = | |

**8. इस कविता को पढ़ने के बाद एक बच्ची और उसकी माँ के चित्र तुम्हारे मन में उभरते हैं। वह बच्ची और क्या-क्या कहती होगी? क्या-क्या करती होगी? कल्पना करके एक कहानी बनाओ।**

**9. आओ, एकवचन और बहुवचन के शब्दों को पढ़ें, जानें और लिखें :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लड़का | लड़के | नारी | नारियाँ |
| बच्चा | ......... | परी | ......... |
| छोटा | छोटे | छात्रा | छात्राएँ |
| खिलौना | ......... | माता | ......... |

**10. नीचे एक कविता की प्रथम दो पंक्तियाँ दी गई हैं। तुम इसके आधार पर कविता को और आगे बढ़ाओ और शीर्षक भी दो :**

*जग में सबसे न्यारी है,*
*माँ मेरी सबसे प्यारी है।*



..............................................

..............................................

**11. दोनों शब्दों को जोड़कर नए शब्द बनाओ :**

सूर्य → अस्त = सूर्यास्त
सूर्य → उदय = -----

परम → अणु = -----
परम → आत्मा = -----

विद्या → अर्थी = -----
विद्या → आलय = -----

**12. आओ, पाठ में आए कुछ शब्दों के अर्थ जानें :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंचल | = | आँचल | कर | = | हाथ |
| मात | = | माता | निस्पृह | = | बिना लोभ के |
| गात | = | शरीर | निर्भय | = | निडर |